आवश्यक

नगरपालिका उप चुनाव, 2023

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या - न.नि. 50-229/2022 - 4344

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
गृह विभाग, बिहार।

पुलिस महानिदेशक,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक - 21.12.23

विषय : नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023 – व्यापक सुरक्षा व्यवस्था संधारण हेतु सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति के संबंध में।

प्रसंग : आयोग का पत्रांक 3827 दिनांक 12.09.2021 एवं बिहार पुलिस मुख्यालय का पत्रांक 125 दिनांक 01.10.2022 (पत्र संलग्न)

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्रों द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन, 2022 के निमित्त स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति हेतु मापदण्ड संसूचित किये गये थे। उक्त मापदण्ड के अनुरूप नगरपालिका आम निर्वाचन, 2022 में सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति भी की गई थी। पुलिस प्रशासन के कुशल नेतृत्व एवं अनुश्रवण से नगरपालिका आम निर्वाचन, 2022 एवं नगरपालिका आम/उप निर्वाचन मई, 2023 में सम्पन्न मतदान शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

वर्तमान में आयोग के पत्रांक 4256 दिनांक 15.12.2023 के आलोक में नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023 सम्पन्न कराया जा रहा है। जिसके अनुसार कुल बारह जिलों यथा-पटना, कैमूर, नालन्दा, गया, सारण, वैशाली, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधेपुरा एवं अररिया में **मतदान दिनांक 22.01.2024 एवं मतगणना दिनांक 24.01.2024** को निर्धारित है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि प्रासंगिक पत्र के आलोक में नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023 को स्वतंत्र, स्वच्छ, भयमुक्त एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु व्यापक सुरक्षा व्यवस्था संधारित करते हुये समुचित संख्या में सुरक्षा बल प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन,

21.12.23

सचिव।

21.12.23

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

ज्ञापांक - न.नि. 50-229/2022 - पटना, दिनांक -

प्रतिलिपि, सभी जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) एवं सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक **पटना, कैमूर, नालन्दा, गया, सारण, वैशाली, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधेपुरा एवं अररिया** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि. 50-229/2022 - 4344 पटना, दिनांक - 21.12.23

प्रतिलिपि, प्रमंडलीय आयुक्त पटना, मगध (गया), सारण, तिरहुत (मुजफ्फरपुर) एवं दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि. 50-229/2022 - 4344 पटना, दिनांक - 21.12.23

प्रतिलिपि, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।